राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
मूल्यांकन में उत्कृष्टता

सूचना विवरणिका

NCHMCT

राष्ट्रीय होटल प्रबंधन परिषद एवं केटरिंग तकनोलॉजी
संयुक्त प्रवेश परीक्षा- 2020
(एनसीएचएम जेईई- 2020)

परीक्षा की तिथि	25 अप्रैल, 2020 (शनिवार)
परीक्षा का समय	09.30 से 12.30 अपराह्न
परीक्षा का तरीका	कम्प्युटर आधारित परीक्षा (सीबीटी)

<u>पत्राचार पता</u>

ब्लॉक सी- 20/1ए/8, सैक्टर 62,
गौतम बुद्ध नगर, नोएडा- 201309 (यूपी)

हेल्प लाइन: तकनीकी सहायता के लिए, कार्य दिवस के दौरान 10.00 पूर्वाह्न से 5.00 अपराह्न के मध्य निम्नलिखित पर संपर्क करें।

कॉल सेंटर नंबर: 0120-6895200

वेबसाइट: www.nta.ac.in **और** nchmjee.nta.nic.in **ईमेल:** nchm-nta@nic.in

नोट: किसी प्रश्न के लिए अभ्यर्थी लॉगिन पृष्ठ के टैब मैन्यू में रेजिस्टर क्वेरी लिंक का उपयोग करें।

<u>अस्वीकरण</u>

एनसीएचएमजेईई -2020

दस्तावेज़ में निहित जानकारी जनता के लिए है। सभी अधिकार सुरक्षित हैं। दस्तावेज़ में किसी भी प्रकार के परिवर्धन, परिवर्तन एवं संशोधन की अनुमति नहीं है।

यद्यपि इस प्रति को तैयार करने में पूरा प्रयास किया गया है कि अंग्रेजी में प्रकाशित दस्तावेज़ (**Information Bulletin**) में पूरी जानकारी सम्मिलित हो, किसी भी प्रकार की त्रुटि के संबंध में अंग्रेजी प्रति में उल्लखित जानकारी ही मान्य होगी।

विषय सूची

क्रम सं.	विवरण	पृष्ठ सं.
1.	परीक्षा की परिचय एवं योजना	04
2.	राष्ट्रीय होटल प्रबंधन परिषद एवं केटरिंग तकनोलॉजी	04
3.	बी.एससी (आतिथ्य एवं होटल प्रशासन) प्रोग्राम	04
4.	आतिथ्य स्नातकों के लिए व्यवसाय के अवसर	05
5.	प्रवेश के पात्रता • अर्हता परीक्षा • भारतीय विद्‌यार्थियों के लिए अर्हता • आयु सीमा • शारीरिक स्वस्थता	05
6.	आरक्षण	07
7.	तिथियों सहित कार्यक्रमों की समय सारणी	08
8.	ऑनलाइन आवेदन फॉर्म को भरने के लिए अनुदेश	08
9.	परीक्षा स्वरूप	11
10.	मेरिट सूची	12
11.	सीबीटी परीक्षा का परिणाम	12
12.	एनसीएचएम जेईई- 2020 के लिए परीक्षा नगर/परीक्षा का केंद्र का आबंटन	12
13.	हल किए गए प्रश्न पत्रों और चुनौतियों हेतु अनंतिम उत्तर कुंजिकाओं का प्रदर्शन	13
14.	एनसीएचएम जेईई स्कोर	13
15.	परीक्षा अभ्यास केंद्र	13
16.	प्रश्न निवारक प्रणाली (क्यूआरएस)	14
17.	अभ्यर्थियों के लिए आचार संहिता	14
18.	छँटाई के नियम	16
19.	कानूनी क्षेत्राधिकार	16
20.	परामर्श सेवा और प्रवेश संबंधित अन्य सूचना	16
परिशिष्ट		
1.	**परिशिष्ट-I** होटल प्रबंधन के संबद्ध संस्थानों की सूची	16
2.	**परिशिष्ट-II** सेवा/प्रसंस्करण शुल्क एवं वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) और शुल्क के भुगतान की प्रक्रिया	25
3.	**परिशिष्ट-III** एनसीएचएम जेईई- 2020 हेतु परीक्षा नगरों की सूची	27
4.	**परिशिष्ट-IV** परीक्षा लेखन हेतु परीक्षार्थी की शारीरिक सीमा के संबंध में प्रमाण पत्र	29
5.	**परिशिष्ट-V** ओबीसी के प्रमाण पत्र के लिए निर्धारित प्रारूप	30
6.	**परिशिष्ट-VI** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग द्वारा प्रदान किए जाने वाले आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र	31

1. परिचय और परीक्षा की योजना

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार (जीओआई) ने उच्चतर शिक्षा संस्थानों में प्रवेश के लिए उम्मीदवारों की योग्यता का आंकलन करने हेतु कुशल, पारदर्शी और अंतर्राष्ट्रीय मानक परीक्षाओं के संचालन के लिए सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के तहत एक स्वतंत्र स्वायत्त और आत्मनिर्भर प्रधान परीक्षा संगठन के रूप में **राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए)** की स्थापना की है। एनटीए देश भर में आतिथ्य और होटल प्रशासन में **बीएससी कोर्स (बी.एससी एचएचए) में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय होटल प्रबंधन परिषद संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2020 (एनसीएचएम जेईई- 2020) वर्ष 2019 के प्रारूप के अनुसार, 25 अप्रैल 2020 को कम्प्युटर आधारित परीक्षा सुबह 09.30 पूर्वाह्न से 12.30 अपराह्न बजे तक आयोजित करेगा।**

2. राष्ट्रीय होटल प्रबंधन परिषद और कैटरिंग तकनोलॉजी (एनसीएचएम एवं सीटी)

राष्ट्रीय होटल प्रबंधन परिषद और कैटरिंग तकनोलॉजी (एनसीएचएमसीटी) भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय है। परिषद मुख्य रूप से बी.एससी. आतिथ्य और होटल प्रशासन के लिए पाठ्यक्रम और अध्ययन के दस अन्य संरचित पाठ्यक्रम संचालित और नियंत्रित करती है जोकि संबद्ध 21 केंद्रीय होटल प्रबंधन संस्थानों, 25 राज्य सरकार के होटल प्रबंधन संस्थानों, 01 सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और होटल प्रबंधन के 24 निजी संस्थानों में प्रदान किये जाते हैं। सभी संस्थान विभिन्न व्यावसायिक कार्यक्रमों के लिए परिषद द्वारा निर्धारित मानकीकृत पाठ्यक्रम का पालन करते हैं।
संस्थानों द्वारा प्रदान की जाने वाली शिक्षा और प्रशिक्षण की गुणवत्ता छात्रों को आतिथ्य और अन्य संबद्ध सेवा क्षेत्रों के लिए पेशेवर रूप से योग्य कर्मियों के रूप में उभरने में मदद करती है। परिषद ने अब तक एक लाख से अधिक आतिथ्य प्रबंधकों, कार्यकारी अधिकारियों और अन्य परिचालन कर्मियों को प्रशिक्षित किया है। संबद्ध संस्थानों से इसके पूर्व छात्र भारत और विदेशों में आतिथ्य उद्योग के साथ-साथ संबद्ध उद्योग में प्रमुख पदों पर हैं।

3. बीएससी (आतिथ्य एवं होटल प्रशासन) कार्यक्रम

आतिथ्य और होटल प्रशासन में विज्ञान स्नातक का कार्यक्रम राष्ट्रीय होटल प्रबंधन परिषद और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से प्रस्तुत किया जाता है। तीन वर्षीय (छह सेमेस्टर) पाठ्यक्रम आतिथ्य क्षेत्र में पर्यवेक्षी जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने के लिए सभी आवश्यक कौशल, ज्ञान और दृष्टिकोण सहित छात्रों को योग्य बनाता है। इस कार्यक्रम में खाद्य उत्पादन, खाद्य और पेय सेवा, फ्रंट ऑफिस ऑपरेशन और गृह व्यवस्था के परिचालन क्षेत्रों में आवश्यक ज्ञान और कौशल मानकों को प्राप्त करने के लिए छात्र हेतु गहन प्रयोगशाला कार्य शामिल है। यह होटल लेखाकारी, खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता, मानव संसाधन प्रबंधन, सुविधा योजना, वित्तीय प्रबंधन, रणनीतिक प्रबंधन, पर्यटन विपणन और प्रबंधन में प्रबंधकीय निवेश भी प्रदान करता है। बी.एससी. एचएचए (सामान्य एंड शाकाहारी) कार्यक्रम शाकाहारी संबद्ध उम्मीदवारों सहित होटल प्रबंधन के सभी संबद्ध संस्थानों में उपलब्ध है, परंतु

शाकाहारी उम्मीदवारों के लिए केवल शाकाहारी प्रायोगिक विकल्प उपलब्ध है। हालांकि, अन्य थ्योरी कक्षाएं अन्य छात्रों के बराबर होंगी।

4. आतिथ्य स्नातकों के लिए व्यवसाय के अवसर

वैश्विक विकास और पर्यटन के विकास ने असंख्य व्यवसाय अवसरों को खोला हैं। परिणामस्वरूप, स्नातक करने वाले छात्र इन व्यवसाय के अवसरों की ओर अग्रसर हो सकते हैं;

- होटल और संबद्ध आतिथ्य उद्योग में प्रबंधकीय प्रशिक्षार्थी;
- प्रशिक्षार्थी के रूप में प्रारंभिक कार्यकाल के बाद होटलों में रसोई प्रबंधन /गृह व्यवस्था प्रबंधन में पद
- उड़ान रसोई और ऑन-बोर्ड उड़ान सेवाएं;
- भारतीय नौसेना आतिथ्य सेवाएँ;
- होटल और अन्य सेवा क्षेत्रों में अतिथि / ग्राहक संबंध कार्यकारी;
- अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय फास्ट फूड श्रृंखला (फास्ट फूड चेन) में प्रबंधन प्रशिक्षार्थी /कार्यकारी;
- अस्पताल और संस्थानगत खानपान
- होटल प्रबंधन / खाद्य शिल्प संस्थानों में संकाय;
- होटल और अन्य सेवा क्षेत्रों में विपणन / बिक्री कार्यकारी;
- रेलवे आतिथ्य और खानपान सेवाएं;
- राज्य पर्यटन विकास निगम;
- शिपिंग और क्रूज लाइनों के लिए;
- रिज़ॉर्ट प्रबंधन;
- उद्यमिता के माध्यम से स्व-रोजगार और
- बहुराष्ट्रीय कंपनियां के आतिथ्य सेवाओं के लिए।

लगभग 95% स्नातक ऑन-कैंपस और ऑफ-कैम्पस भर्ती प्रक्रियाओं के माध्यम से आतिथ्य और अन्य सेवा क्षेत्रों में नियोजित किए जाते हैं।

5. प्रवेश के लिए पात्रता

5.1 <u>अर्हता परीक्षा</u>

विषयो में से एक विषय अंग्रेजी सहित सीनियर सेकेंडरी परीक्षा की 10 +2 प्रणाली या इसके समकक्ष हो। अर्हता परीक्षा में अभ्यर्थी को अंग्रेजी (मुख्य/वैकल्पिक/कार्यात्मक) अध्ययन के विषय के रूप में उत्तीर्ण होना चाहिए। 10+2 या समकक्ष परीक्षा में उपस्थित होने वाले भी अनंतिम आधार पर एनसीएचएम जेईई 2020 में उपस्थित हो सकते हैं। (10+2 या इसके समकक्ष) अर्हता प्राप्त परीक्षा उत्तीर्ण होने का प्रमाण यदि काउंसलिंग के समय या प्रवेश के समय या 30.09.2020 तक नहीं प्रस्तुत किया जाता है, तो अनंतिम प्रवेश रद्द कर दिया जाएगा।

प्रवेश का प्रस्ताव प्रवेश के समय मूल प्रमाण पत्रों/ दस्तावेजों के सत्यापन के अधीन है। यदि किसी संस्थान में प्रवेश के बाद भी कोई उम्मीदवार बाद की तिथि में अयोग्य पाया जाता है, तो उसका प्रवेश रद्द कर दिया जाएगा।

5.2 भारतीय विद्यार्थियों के लिए अर्हता

- केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और भारतीय स्कूल प्रमाण परीक्षा या माध्यमिक शिक्षा के राज्य बोर्ड इत्यादि से किसी भी मान्यता प्राप्त केंद्रीय/ राज्य बोर्ड के वरिष्ठ माध्यमिक शिक्षा के 10+2 प्रतिमान में 10+2 स्तर की परीक्षा
- किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट या दो वर्षीय पूर्व विश्वविद्यालय परीक्षा।
- अग्रिम (ए) स्तर पर सामान्य प्रमाणपत्र परीक्षा (जीसीई) परीक्षा (लंदन / कैंब्रिज / श्रीलंका)।
- कैंब्रिज विश्वविद्यालय की हाई स्कूल प्रमाणपत्र परीक्षा।
- भारत में किसी भी पब्लिक स्कूल/बोर्ड/विश्वविद्यालय की परीक्षा या विदेश की भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा मान्यता प्राप्त 10+2 प्रतिमान के समकक्ष के रूप में वरिष्ठ माध्यमिक शिक्षा।
- संबंधित राज्य के एनसीवीटी और एससीवीटी द्वारा अनुमोदित व्यावसायिक परीक्षा एच.एस.सी.।
- न्यूनतम पाँच विषयों में एक अंग्रेजी विषय को शामिल करते हुए राष्ट्रीय मुक्त स्कूल द्वारा आयोजित वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल परीक्षा जिसका परिणाम 30.09.2020 तक उपलब्ध होना चाहिए।

5.3 आयु सीमा

सामान्य और ओबीसी श्रेणियों के उम्मीदवारों के लिए, अधिकतम आयु सीमा 01.07.2020 के अनुसार 25 वर्ष है। 01 जुलाई 1995 को या उसके बाद पैदा हुए उम्मीदवार पात्र हैं। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के मामले में, अधिकतम आयु सीमा 01.07.2020 के अनुसार 28 वर्ष है। 01 जुलाई 1992 को या उसके बाद पैदा हुए एससी / एसटी उम्मीदवार पात्र हैं। शारीरिक रूप से दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु सीमा उस श्रेणी के अनुसार प्रतिपादित की जाएगी जो सामान्य/ईडब्ल्यूएस/एससी/एसटी/ओबीसी से संबंधित हो। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड/पूर्व-विश्वविद्यालय प्रमाणपत्र में दर्ज जन्म तिथि प्रामाणिक साक्ष्य होगी जिसे स्वीकार किया जाएगा। काउंसलिंग के समय, इस प्रमाण पत्र को मूल रूप से आयु के प्रमाण के रूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए, इसे नहीं प्रस्तुत करने पर उम्मीदवार काउंसलिंग/ प्रवेश हेतु विचार करने योग्य नहीं होगा।

5.4 शारीरिक स्वस्थता

सभी अर्हता उम्मीदवारों को **अनुलग्नक- IV** में दिए गए निर्धारित प्रारूप में एक पंजीकृत चिकित्सीय

चिकित्सक से प्रवेश के समय **कोर्स में अपेक्षित व्यावहारिक दावों को पूर्ण करने के लिए** एक शारीरिक स्वस्थता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

6. आरक्षण

किसी संस्थान में प्रवेश लेने के लिए, कृपया उस विशेष संस्थान में लागू आरक्षण देखें। केंद्र सरकार द्वारा संचालित संस्थानों के मामले में, 15% सीटें श्रेणी अनुसूचित जाति (एससी) के लिए, अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए 7.5%, "नॉन क्रीमी लेयर"(ओबीसी एनसीएल) से संबंधित श्रेणी अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 27% और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए 10% आरक्षित है। प्रत्येक दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूडी) श्रेणी के लिए 5% आरक्षण होगा, जैसा कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 (आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम 2016) में परिभाषित किया गया है।

अन्य पिछड़ा वर्ग की केंद्रीय सूची के अनुसार अन्य पिछड़ा वर्ग-नॉन क्रीमी लेयर (ओबीसी एनसीएल) राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) भारत सरकार www.ncbc.nic.in की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इस प्रकार, इस सूची के अंतर्गत उम्मीदवार श्रेणी के कोष्ठक में ओबीसी का उल्लेख कर सकते हैं। राज्य सूची ओबीसी उम्मीदवार जो ओबीसी-एनसीएल (केंद्रीय सूची) में नहीं हैं, उन्हें सामान्य श्रेणी चुनना होगा। भारत सरकार के तहत केंद्रीय शैक्षिक संस्थाननों (सीईआईएस) में पदों/प्रवेश के लिए आवेदन करने हेतु ओबीसी द्वारा आवेदन किए जाने वाले प्रमाण पत्र का रूप **अनुलग्नक-V** में दिया गया है।

दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूडी) का अर्थ है, वह व्यक्ति जिसकी निर्दिष्ट दिव्यांगता चालीस प्रतिशत (40%) से कम नहीं है, जहां निर्दिष्ट दिव्यांगता को मापने योग्य शर्तों में परिभाषित नहीं किया गया है और उन दिव्यांगजन को शामिल करते है जहां प्रमाणित प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित निर्दिष्ट दिव्यांगता को मापने योग्य शर्तों के रूप में परिभाषित किया गया है। "निर्दिष्ट दिव्यांगता" का अर्थ आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम 2016 की अनुसूची में निर्दिष्ट दिव्यांगता है।

उपर्युक्त के अलावा, ईडब्ल्यूएस के लिए 10% सीटें आरक्षित हैं, वह व्यक्ति जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित नहीं हैं और जिनके परिवारों की कुल वार्षिक आय 8 लाख से कम है। ईडब्ल्यूएस के तहत आरक्षण का लाभ सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी एक आय और संपत्ति प्रमाण पत्र को प्रस्तुत करने पर लिया जा सकता है। सक्षम प्राधिकारी ईडब्ल्यूएस आय और संपत्ति प्रमाण पत्र के लिए तहसीलदार या उस क्षेत्र के उच्च स्तर के भूमि और राजस्व अधिकारी होंगे जहां आवेदक सामान्य रूप से रहता है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले आय और संपति प्रमाणपत्र का प्रपत्र **अनुलग्नक- VI** में दिया गया है।

एनसीएचएम जेईई 2020 आवेदन पत्र की अंतिम तिथि के बाद श्रेणी में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा और एनसीएचएम स्कोर 2020 फॉर्म जमा करने के पश्चात परिवर्तन प्रभावी नहीं होंगे।

कश्मीरी प्रवासी के लिए आरक्षण (शैक्षणिक सत्र 2020-21 के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय से अधिसूचना के अधीन)

पंजीकृत कश्मीरी प्रवासियों के लिए प्रत्येक केंद्र और राज्य सरकार से संबद्ध आईएचएम में एक सीट (अधिसंख्य) प्रदान की जाती है। ऐसे आवेदकों को एनसीएचएम जेईई 2020 उत्तीर्ण करना होगा। विभिन्न राज्य सरकार से पंजीकृत उम्मीदवार को काउंसलिंग के समय और संस्थानों में प्रवेश के समय मूलप्रति में पंजीकरण का साक्ष्य प्रस्तुत करना चाहिए।

7. तिथियों सहित कार्यक्रमों की समय सारणी

<table>
<tr><th colspan="2">कार्यक्रम</th><th>तिथि</th></tr>
<tr><td colspan="2">आवेदन प्रपत्र को ऑन-लाइन प्रस्तुत</td><td>01.01.2020 से 20.03.2020 तक</td></tr>
<tr><td colspan="2">अभ्यर्थी की फोटोग्राफ और हस्ताक्षर की स्कैन इमेज अपलोड करने की तिथि</td><td>01.01.2020 से 20.03.2020 तक</td></tr>
<tr><td colspan="2">शुल्क के सफल अंतिम लेनदेन की तिथि</td><td>01.01.2020 से 21.03.2020 तक</td></tr>
<tr><td colspan="2">11.50 रात्रि तक क्रेडिट/डेबिट कार्ड/यूपीआई और पेटीएम के माध्यम सहित इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से</td><td>01.01.2020 से 21.03.2020 तक</td></tr>
<tr><td rowspan="4">एनसीएचएम जेईई 2020 के लिए शुल्क देय</td><td>सामान्य/नॉन क्रीमी लेयर ओबीसी</td><td>रु.900/-</td></tr>
<tr><td>ईडब्ल्यूएस</td><td>रु.700/-</td></tr>
<tr><td>एससी/एसटी/पीडब्ल्यूडी</td><td>रु.450/-</td></tr>
<tr><td>समलैंगिक</td><td>रु.450/-</td></tr>
<tr><td colspan="2">परीक्षा की तिथि</td><td>25 अप्रैल,2020 (शनिवार)</td></tr>
<tr><td colspan="2">परीक्षा का समय</td><td>09.30 पूर्वाह्न से 12.30 अपराह्न</td></tr>
<tr><td colspan="2">एनटीए की वेबसाइट से प्रवेश पत्र का मुद्रण</td><td>7 अप्रैल, 2020 से</td></tr>
<tr><td colspan="2">दर्ज किए गए उत्तर और उत्तर कुंजिकाओं को चुनौती करने के लिए एनटीए वेबसाइट पर प्रदर्शन</td><td>तिथि एनटीए वेबसाइट पर दर्शाई जाएगी</td></tr>
<tr><td colspan="2">एनटीए वेबसाइट पर परिणाम की घोषणा</td><td>15 मई, 2020 तक</td></tr>
</table>

शुल्क और सेवा/ प्रसंस्करण शुल्क और वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) के भुगतान की जाने की प्रक्रिया अनुलग्नक- II में दी गई है।
उम्मीदवार परीक्षा शुरू होने से दो घंटे पहले परीक्षा केंद्र में रिपोर्ट करेंगे। उम्मीदवारों को परीक्षा कक्ष/हॉल में 09.00 पूर्वाह्न के पश्चात प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

8. ऑनलाइन आवेदन फॉर्म को भरने के लिए अनुदेश

उम्मीदवारों को एनसीएचएम जेईई- 2020 “ऑनलाइन” के लिए केवल वेबसाइट **nchmjee.nta.nic.in** पर जाकर आवेदन करना होगा। ऑनलाइन मोड के अलावा किसी भी तरीके से आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा। एक उम्मीदवार द्वारा केवल एक आवेदन जमा किया जाना है। एक से अधिक आवेदन अर्थात एक उम्मीदवार द्वारा जमा किए गए कई आवेदन पत्र रद्द कर दिए जाएंगे।

यह सुझाव दिया जाता है कि, उम्मीदवार के पास आवेदन पत्र भरने से पहले निम्नलिखित तैयार हो:

- अच्छी इंटरनेट कनेक्टिविटी सहित कम्प्युटर
- अभ्यर्थी के सभी अर्हता विवरण
- जेपीजी/जेपीईजी प्रारूप में स्पष्ट पासपोर्ट फोटो (10केबी-200केबी के बीच का आकार)
- जेपीजी/जेपीईजी प्रारूप में स्कैन किए गए स्पष्ट हस्ताक्षर (4केबी-30केबी के बीच का आकार)
- एक वैध ई-मेल आईडी क्योंकि सभी प्रकार का सम्प्रेषण इस ई-मेल आईडी पर किया जाएगा।
- एक वैध मोबाइल नंबर क्योंकि एसएमएस के माध्यम से सभी जानकारी इस नंबर पर भेजी जाएगी।
- यदि आप ऑनलाइन भुगतान करना चाहते हैं, तो एक वैध डेबिट/ क्रेडिट/ नेट बैंकिंग/ यूपीआई अथवा पेटीएम खाता
- पुष्टिकरण पृष्ठ प्रिंट करने के लिए आपके सिस्टम से जुड़ा एक प्रिंटर।

8.1 सूचना विवरणिका को डाउनलोड करें। ऑनलाइन अपनी पात्रता सुनिश्चित करने के लिए और ऑन लाइन आवेदन पत्र जमा करने की आवश्यकताओं से परिचित होने के लिए इसे ध्यान से पढ़ें।

8.2 आवेदन जमा करने के पश्चात, बाद में कोई सुधार नहीं किया जा सकता है। **कोई भी परिवर्तन ऑफ़लाइन मोड के माध्यम अर्थात् फैक्स/आवेदन सहित ई-मेल आदि के माध्यम से स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

8.3 ऑनलाइन आवेदन करने के लिए पांच (5) चरणों का पालन करें:

चरण- 1: ऑनलाइन आवेदन पत्र के लिए पंजीकरण करें और सिस्टम जनित आवेदन संख्या नोट करें। उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय विवरण की आपूर्ति करनी चाहिए और पासवर्ड बनाने और सुरक्षा प्रश्न चुनने और उसका उत्तर दर्ज करने की भी आवश्यकता है। व्यक्तिगत विवरणों को सफलतापूर्वक प्रस्तुत करने के बाद, आवेदन संख्या जनित होगी और इसका उपयोग आवेदन पत्र के शेष चरणों को पूरा करने के लिए किया जाएगा और भविष्य के सभी पत्राचार के लिए भी आवश्यक होगा। बाद के लॉगिन के लिए, उम्मीदवार संबंधित सिस्टम जनित किए गए आवेदन संख्या और बनाए गए पासवर्ड से सीधे लॉगिन कर पाएंगे।

चरण- 2: आवेदन पत्र को पूर्ण करें: उम्मीदवार आवेदन पत्र को पूर्ण करने के लिए सिस्टम जनित आवेदन संख्या और बनाए गए पासवर्ड के साथ लॉगिन कर सकते हैं।

चरण- 3: **उम्मीदवार की फोटोग्राफ और उम्मीदवार के हस्ताक्षर की स्कैन की हुई इमेज अपलोड करें।**

1. स्कैन की गई फोटोग्राफ और हस्ताक्षर जेपीजी/जेपीईजी प्रारूप में होने चाहिए।
2. स्कैन की गई फोटोग्राफ का आकार 10केबी-200 केबी के बीच होना चाहिए।
3. स्कैन किए गए हस्ताक्षर का आकार 4केबी-30 केबी के बीच होना चाहिए।
4. फोटोग्राफ रंगीन या काली/ सफ़ेद (लेकिन स्पष्ट कंट्रास्ट में) होनी चाहिए।

नोट: सही फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करें क्योंकि इमेज में सुधार के लिए सुविधा नहीं दी जाएगी।

चरण- 4: क्रेडिट/डेबिटकार्ड/नेटबैंकिंग/पेटीएम/यूपीआईद्वारा भुगतान: उम्मीदवार को आवेदन शुल्क का भुगतान करने के लिए क्रेडिट/डेबिटकार्ड/नेटबैंकिंग/पेटीएम अथवा यूपीआई विकल्प का चयन करना होगा और शुल्क का भुगतान पूर्ण करने के लिए ऑनलाइन अनुदेश का पालन करना होगा। सफल भुगतान के बाद, उम्मीदवार पुष्टिकरण पृष्ठ प्रिंट कर सकेगा। यदि शुल्क के भुगतान के बाद पुष्टिकरण पृष्ठ जनित नहीं होता है, तो लेनदेन रद्द कर दिया जाएगा और राशि उम्मीदवार के खाते में वापस कर दी जाएगी। हालांकि, पुष्टिकरण पृष्ठ जनित नहीं होने की स्थिति में, उम्मीदवार को एक और लेनदेन करना होगा।

चरण- 5: एनसीएचएम जेईई- 2020 परीक्षा देने के लिए नगर चुनें।
उपर्युक्त चरण एक साथ और अलग-अलग भी किए जा सकते हैं।
नोट:

I. यदि चरण-2 चरण-3, चरण-4 और चरण-5 को पूर्ण नहीं किया गया तो ऑनलाइन आवेदन पत्र का अंतिम प्रस्तुतीकरण अधूरा रहेगा। इस तरह के फॉर्म अस्वीकृत होंगे और इस संबंध में, कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।
II. उम्मीदवार द्वारा एक बार अदा किए गए शुल्क वापसी के लिए किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।
III. एमसीएचएम की पूरी आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन है, जिसमें स्कैन की गई इमेज को अपलोड करना, शुल्क का भुगतान और पुष्टिकरण पृष्ठ का मुद्रण शामिल है। **इसलिए, उम्मीदवारों को डाक/हाथोंहाथ के माध्यम से एनटीए को पुष्टिकरण पृष्ठ सहित कोई भी दस्तावेज़ भेजने/जमा करने की आवश्यकता नहीं है।**
IV. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे नवीनतम अपडेट के लिए नियमित रूप से एनटीए की वेबसाइट पर देखें और अपने एसएमएस/ईमेल की जांच करें।
V. एनटीए अनुसंधान और विश्लेषण के उद्देश्य से जनित डाटा का उपयोग कर सकता है।

सभी उम्मीदवार जिन्होंने ऑनलाइन आवेदन जमा किया है और अंतिम तिथि तक परीक्षा शुल्क का भुगतान किया है, उन्हें एनसीएचएम जेईई 2020 में उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी और उनके प्रवेश पत्र को समय सारणी के अनुसार वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। एनटीए उम्मीदवारों द्वारा आवेदन पत्र में भरी गई जानकारी को न तो सत्यापित करता है और न ही उम्मीदवारों की पात्रता तय करने के लिए श्रेणी/शैक्षिक अर्हता के किसी भी प्रमाण पत्र का सत्यापन करता है। शैक्षिक अर्हता और श्रेणी के प्रमाण पत्र

को (यदि आरक्षित श्रेणी के अंतर्गत आवेदन किया गया है) संबंधित संस्थान द्वारा सत्यापित किया जाएगा। इसलिए, उम्मीदवारों को उनकी पात्रता और श्रेणी (यदि आरक्षित श्रेणी के तहत आवेदन करना है) सुनिश्चित करने की सलाह दी जाती है। एनटीए, किसी भी तरह से, अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र में उम्मीदवार(रों) द्वारा प्रदान की गई किसी भी गलत/त्रुटियुक्त जानकारी के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। इस संबंध में, एनटीए द्वारा पत्र/ईमेल पर विचार पर नहीं किया जाएगा।

उम्मीदवारों को एनटीए की वेबसाइट (**nchmjee.nta.nic.in**) पर शुल्क भुगतान की स्थिति की जांच करना आवश्यक है और यदि स्थिति 'ओके' है तो उम्मीदवार **पुष्टि पृष्ठ का प्रिंटआउट** ले सकेगा। यदि उम्मीदवारों को शुल्क भुगतान की स्थिति 'ओके' नहीं है, तो अभ्यर्थियों को निम्नलिखित की सलाह दी जाती है:

- यदि शुल्क का भुगतान क्रेडिट/डेबिट कार्ड के माध्यम से किया जाता है और स्थिति 'ओके' नहीं है, तो इसका अर्थ है कि लेनदेन रद्द हो गया है और राशि स्वचालित रूप से संबंधित क्रेडिट/डेबिट कार्ड में 15 दिनों के भीतर वापस कर दी जाएगी। इसलिए, ऐसे उम्मीदवारों को एक बार फिर से शुल्क का भुगतान करना होगा और शुल्क की स्थिति 'ओके' सुनिश्चित करनी होगी।

9. परीक्षा का स्वरूप

प्रश्न पत्र का माध्यम केवल अंग्रेजी एवं हिंदी है।

क्रम सं.	**विषय**	**प्रश्नों की संख्या**	**अवधि**
1.	संख्यात्मक योग्यता और विश्लेषणात्मक अभिक्षमता	30	03.00 घंटे
2.	तार्किक एवं तर्कसंगत निगमन	30	
3.	सामान्य ज्ञान एवं समसामयिक मामले	30	
4.	अंग्रेजी भाषा	60	
5.	सेवा क्षेत्र के लिए अभिक्षमता	50	
कुल योग		**200**	

बहुविकल्पीय प्रश्नों के लिए अंकन योजना • संख्यात्मक योग्यता और विश्लेषणात्मक अभिक्षमता • तार्किक एवं तर्कसंगत निगमन • सामान्य ज्ञान एवं समसामयिक मामले • अंग्रेजी भाषा • सेवा क्षेत्र के लिए अभिक्षमता	सही उत्तर	चार अंक (+4)
	गलत उत्तर	ऋणात्मक एक अंक (-1)
	अनुत्तरित/ समीक्षा के लिए अंकित	कोई अंक नहीं (0)

परीक्षा केंद्र में, प्रत्येक उम्मीदवार को कंप्यूटर टर्मिनल के साथ एक डेस्क पर बैठाया जाएगा और उसे गणना के लिए रफ कागज और एक कलम/पेंसिल प्रदान की जाएगी। परीक्षा के पश्चात, उम्मीदवार को

डेस्क पर रफ कागजों को छोड़ना होगा। कच्चा कार्य किसी अन्य पेपर/शीट पर नहीं किया जा सकता है, क्योंकि परीक्षा कक्ष/हॉल के अंदर किसी भी वस्तु की अनुमति नहीं दी जाएगी।

परीक्षा कक्ष/ हॉल में उम्मीदवारों को उपकरण/ज्यामिति/ पेंसिल बॉक्स, हैंडबैग, पर्स, किसी भी प्रकार के पेपर/लेखन सामग्री/पाठ्य सामग्री (मुद्रित या लिखित सामग्री), खाद्य सामग्री और पानी (खुली या पैक), मोबाइल फोन/ईयर फोन/माइक्रोफोन/पेजर, कैलकुलेटर, कैमरा, टेप रिकॉर्डर, किसी भी धातु की वस्तु या इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स इत्यादि ले जाने की अनुमति नहीं है।

10. मेरिट सूची

उम्मीदवारों की अखिल भारतीय मेरिट सूची एनसीएचएम - जेईई कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) में प्राप्तांकों के आधार पर तैयार की जाएगी। यदि अभ्यर्थी समान अंक प्राप्त करते हैं, तो मेरिट निम्नानुसार तैयार की जाएगी:

i) एनसीएचएम जेईई के अंग्रेजी भाग में उच्च अंक हासिल करने वाला उम्मीदवार उच्चतर रैंक प्राप्त करेगा।

ii) एनसीएचएम-जेईई, में और एनसीएचएम-जेईई के अंग्रेजी भाग में समान अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों के मामले में, एनसीएचएम-जेईई के सेवा अभिक्षमता भाग में उच्चतर अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवार को उच्चतर रैंक मिलेगा।

iii) उपर्युक्त (i) और (ii) में समान अंक के मामले में, आयु में बड़ा उम्मीदवार उच्चतर रैंक का होगा।

11. सीबीटी परीक्षा के परिणाम

15 मई 2020 तक एनटीए की वेबसाइट **nchmjee.nta.nic.in** पर कंप्यूटर आधारित परीक्षा के परिणाम घोषित किए जाएंगे।

12. एनसीएचएम जेईई- 2020 के लिए परीक्षा नगर/परीक्षा का केंद्र का आबंटन

परीक्षा के लिए नगर परीक्षा शुल्क जमा करने के बाद पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर उम्मीदवारों द्वारा चुना जाएगा। तथापि, शुल्क जमा करने से पहले, उम्मीदवार सीट की उपलब्धता की जांच कर सकता है। यह ध्यान दिया जाए कि यदि किसी नगर में अंतिम कुछ सीटें उपलब्ध हैं, तो ये भुगतान औपचारिकताएं पूर्ण करने के समय तक भरी जा सकती है।

उम्मीदवार किसी भी उपलब्ध नगर को चुन सकते हैं जो उम्मीदवार को तुरंत आवंटित किया जाएगा। कृपया ध्यान दें कि शुल्क भुगतान के बाद ही यह सक्रिय होगा।

राज्यों की एक ड्रॉप डाउन सूची होगी फिर उस नगर को चुनें जहां उम्मीदवार ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित परीक्षा तरीके से परीक्षा देना चाहता है।

एक बार चुने और आवंटित किए गए परीक्षा के नगर को बदला नहीं जा सकता है और इस संबंध में किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

एनटीए चुने गए नगर में परीक्षा केंद्र आवंटित करेगा, जिसे प्रवेश पत्र में दर्शाया जाएगा।

तार्किक और प्रशासनिक कारणों से एनटीए चुने हुए नगर और/ या आवंटित केंद्र को बदल सकता है।

जिन केंद्रों (नगरों) में एनसीएचएम जेईई-2020 आयोजित किया जाएगा, वे **अनुलग्नक- III** में दिए गए हैं।

13. हल किए गए प्रश्न पत्रों और चुनौतियों हेतु अनंतिम उत्तर कुंजिकाओं का प्रदर्शन

एनसीएचएम जेईई- 2020 परीक्षा के बाद, एनटीए की वेबसाइट **nchmjee.nta.nic.in** पर बहुविकल्पी प्रश्नों की उत्तर कुंजी और दर्ज की गई प्रतिक्रियाओं को प्रदर्शित करेगा। तिथि का विवरण एनटीए की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा। उम्मीदवार, जो उत्तर कुंजी और दर्ज की गई प्रतिक्रियाओं से संतुष्ट नहीं हैं, वे ऑनलाइन आवेदन पत्र भरकर और प्रति प्रश्न 200/- के प्रसंस्करण शुल्क का भुगतान कर सकते हैं। प्रसंस्करण शुल्क का भुगतान क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/नेट बैंकिंग द्वारा किया जा सकता है। एक बार भुगतान किए गए प्रसंकरण शुल्क को वापस नहीं किया जाएगा।

चुनौतियों पर एनटीए का निर्णय अंतिम होगा और आगे के सम्प्रेषण पर विचार नहीं किया जाएगा।

14. एनसीएचएम जेईई स्कोर

अंतिम उत्तर कुंजी के आधार पर परिणाम संकलित किया जाएगा। एनसीएचएम जेईई 2020 के परिणाम की घोषणा के बाद उत्तर कुंजी (ओं) के संबंध में किसी शिकायत पर विचार नहीं किया जाएगा। एनसीएचएम जेईई 2020 के परिणाम की गणना के लिए उम्मीदवार द्वारा प्राप्त वास्तविक अंक पर विचार जाएगा। कोई स्कोर कार्ड उम्मीदवारों को नहीं प्रेषित जाएगा और उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने स्कोर कार्ड को **nchmjee.nta.nic.in** से डाउनलोड करें।

स्कोर के पुनर्मूल्यांकन/पुन: जाँच के लिए कोई प्रावधान नहीं होगा। इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) एक परीक्षा संचालन निकाय है और एनसीएचएम स्कोर 2020 प्रदान करेगी। एनटीए संस्थानों में उपलब्ध सीटों की कुल संख्या और संस्थानों द्वारा पालन किए जाने वाले आरक्षण मानदंड के बारे में जानकारी एकत्र नहीं करता है।

15. परीक्षा अभ्यास केंद्र

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने 2020 तक एनटीए द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में उपस्थित होने के इच्छुक छात्रों की सहायता के लिए पूरे भारत में फैले परीक्षा अभ्यास केंद्रों का एक नेटवर्क स्थापित किया है। छात्र परीक्षा के "कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी)" मोड के लिए परीक्षा से पहले स्वयं अभ्यास और स्वयं को प्रशिक्षित कर सकते हैं।
टीपीसी में उपलब्ध अनुभवी, योग्य और पेशेवर नोडल अधिकारी और कर्मचारी छात्रों को उनकी शंकाओं को दूर करने और समस्याओं को हल करने और परीक्षाओं के सीबीटी मोड से परिचित कराने में सहायता करेंगे।
जानकारी के लिए एनटीए की वेबसाइट **www.nta.ac.in** देखें।

16. प्रश्न निवारक प्रणाली (क्यूआरएस)

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने एक ऑनलाइन वेब-सक्षम प्रणाली, एनटीए द्वारा विकसित प्रश्न निवारक प्रणाली (क्यूआरएस) की स्थापना की है। क्यूआरएस वेब प्रौद्योगिकी पर आधारित मंच है, जिसका उद्देश्य मुख्य रूप से प्रश्नों (शिकायतों) के त्वरित और अनुकूल निवारण के लिए (24*7) सुविधा के साथ एनसीएचएम- 2020 परीक्षा के पंजीकृत उम्मीदवार (रों) द्वारा प्रश्नों/शिकायतों को प्रस्तुत करने में सक्षम बनाना है। प्रश्नों/शिकायतों की स्थिति पर ध्यान रखने के लिए एक अद्वितीय पंजीकरण संख्या तैयार की जाएगी।
पंजीकृत अभ्यर्थी(यों) को सलाह दी जाती है कि वे एनसीएचएम की आधिकारिक ईमेल आईडी अर्थात **nchm-nta@nic.in** पर अपने प्रश्नों को मेल करने से पहले त्वरित और अनुकूल प्रतिक्रिया के लिए ऑनलाइन सुविधा का उपयोग करें।

17. अभ्यर्थियों के लिए आचार संहिता

उम्मीदवार पूर्ण शांति बनाए रखेंगे और केवल अपने प्रश्न पत्र में भाग लेंगे। परीक्षा कक्ष/हॉल में किसी भी बातचीत या इशारे या गड़बड़ी को दुर्व्यवहार माना जाएगा। यदि कोई अभ्यर्थी अनुचित साधनों का उपयोग करता हुआ अथवा प्रतिरूपण करते हुए पाया जाता है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और अपराध की प्रकृति के अनुसार वह या तो स्थायी रूप से या निर्दिष्ट अवधि के लिए परीक्षा देने से विवर्जित होने के लिए उत्तरदायी होगा।

उम्मीदवारों को परीक्षा कक्ष/हॉल के भीतर प्रवेश पत्र के अलावा किसी भी पाठ्य सामग्री, कैलकुलेटर, दस्तावेज़ पेन, स्लाइड नियम, लॉग टेबल्स, और इलेक्ट्रॉनिक घड़ियाँ कैलकुलेटर, मुद्रित या लिखित सामग्री, और कागज के टुकड़े, मोबाइल फोन, पेजर या किसी अन्य उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं है। यदि किसी भी उम्मीदवार के पास उपर्युक्त कोई भी वस्तु है, तो उसकी उम्मीदवारी अनुचित साधन के मामलें

के रूप में मानी जाएगी और उसकी वर्तमान परीक्षा रद्द कर दी जाएगी और उसे भविष्य की परीक्षा से विवर्जित कर दिया जाएगा और उपकरण जब्त कर लिया जाएगा।

उम्मीदवार, विशेषकर जो वर्जित वस्तुओं को ले जा रहे हैं, जिनमें धातु की वस्तुएं जैसे कड़ा और कृपाण आदि शामिल हैं, जाँच/ तलाशी और परीक्षा हॉल में प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए उन्हें अपने संबंधित परीक्षा केंद्रों पर मुख्य द्वार बंद करने के समय से डेढ़ घंटे पहले, समय पर रिपोर्ट करना चाहिए।

यदि परीक्षा केंद्र में स्क्रीनिंग करने पर यह पता चलता है कि कोई भी उम्मीदवार वास्तव में, 'कड़ा' और 'कृपाण' अंदर लेकर जा रहा है, जो एक संदिग्ध उपकरण है, उसे परीक्षा हॉल में नहीं ले जाने के लिए कहा जा सकता है (जैसा कि माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपने आदेश दिनांक 03.05.2018 निर्देशित किया गया है)। अनुचित साधनों पर एनटीए का निर्णय अंतिम होगा और इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर नहीं किया जाएगा।

अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र पर परीक्षा के दिन निम्नलिखित दस्तावेज लाने होंगे। जो अभ्यर्थी इन्हें नहीं लाएंगे उन्हें परीक्षा में नहीं बैठने दिया जाएगा।

- एनटीए की वेबसाइट से डाउनलोड किए गए प्रवेश पत्र की मुद्रित प्रतिलिपि।
- एक पासपोर्ट आकार की फोटग्राफ (ऑनलाइन आवेदन पत्र पर अपलोड की गई) एनसीएचएम परीक्षा के दौरान केंद्र में उपस्थिति पत्र में विशिष्ट स्थान पर चिपकाने के लिए लानी चाहिए।
- अधिकृत फोटो आईडी में से कोई भी एक (मूल, वैध और जिसकी अवधि नहीं समाप्त हुई हो)- (फोटोसहित) पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/पहचान पत्र/ पासपोर्ट/आधार कार्ड/राशन कार्ड
- पीडब्ल्यूडी श्रेणी के तहत छूट का दावा करने पर प्राधिकृत चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी किया गया दिव्यांगता (पीडब्ल्यूडी) प्रमाणपत्र

